सहकारी बैंकों की एटीएम वैन

चर्चा में क्यों?

17 सितिंबर, 2021 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास पर **सहकारी बैंकों की मोबाइल एटीएम वैन को हरी झंडी दिखाकर** रवाना किया। ये वैन राज्य के विभिन्न ज़िलों में नकद निकासी की सुविधा प्रदान करने के साथ ही राज्य में आने वाले पर्यटकों की भी मदद करेंगी।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर **पाँच एटीएम मोबाइल वैन** को मुख्यमंत्री आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जबकि शेष पाँच को **ज़िला सहकारी बैंक मुख्यालय** से उनके गंतव्य के लिये रवाना किया गया।
- सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारी बैंकों की मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक **(नाबार्ड)** के सहयोग से हर ज़िले में उपलब्ध कराई जा रही है।
- उन्होंने कहा कि इन एटीएम मोबाइल से कोई भी व्यक्ति किसी भी बैंक खाते से नकदी निकाल सकता है।
- उल्लेखनीय है कि मोबाइल एटीएम वैन ने महामारी के दौरान राज्य के लोगों की मदद में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/atm-van-of-cooperative-banks